आरडीसीआइएस सेल और आइआइएम के बीच समझौता



समझौता पत्र के साथ दोनों पक्षों के लोग • जागरण

जासं, रांची : आरडीसीआईएस, सेल, रांची और आइआइएम रांची के बीच शुक्रवार को एक समझौता हुआ। इसका विषय वस्तु इस्पात बनाने की सिंटरिंग प्रक्रिया में बेस मिक्स तैयार करने और प्रक्रिया के गुणवत्ता उत्कृष्टता में सहयोगात्मक कार्य के लिए है। एक डेटा एनालिटिक्स माडल संयुक्त रूप से विकसित किया जाएगा, जिसका सिंटर गुणवत्ता के मानक विचलन को कम करने के उद्देश्य से बेस मिक्स और लौह अयस्क सिंटरिंग प्रक्रिया के अनुकूलन किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप कोक दर, लागत तथा ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी। यह डेटा एनालिटिक्स सघन माडल उद्योग

डेटा एनालिटिक्स सघन माडल उद्योग 4.0 के लिए सही कदम होगा, जो बेस मिक्स और लौह अयस्क सिंटरिंग के अनुकूल होगा

4.0 के लिए सही कदम होगा। सेल, आरडीसीआइएस द्वारा यह पहल निर्विक बनर्जी, कार्यपालक निदेशक (आरडीसीआईएस), सेल के मार्गदर्शन में की गई है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर आइआइएम रांची की ओर से प्रोफेसर एस बेरा तथा आर.डी.सी.आई.एस की ओर से एस गोस्वामी, मुख्य महाप्रबंधक (आयरन) ने किया। इस अवसर पर डीके श्रीवास्तव और कार्यपालक निदेशक, आरडीसीआईएस, निर्विक बनर्जी मौजूद थे।

Dainik Jagran_14.01.2023_Pg. 04